हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


### छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल पूरे होने पर होगा आयोजन

# जनादेश परब की तैयारी पूरी, पुलिस ग्राउण्ड में केन्द्रीय मंत्री की सभा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर सोमवार 22 दिसंबर को पुलिस ग्राउण्ड जांजगीर में जनादेश परब मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी पुरी कर ली गई है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परबः विश्वास, गौरव, निर्माण के तहत सोमवार 22 दिसंबर को पुलिस लाइन खोखरा भांठा जांजगीर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं विशाल आमसभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अति विशिष्ट अतिथि होंगे। वहीं कार्यक्रम में मंत्रीमंडल के सदस्य व प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। पुलिस ग्राउण्ड में विशाल मंच तैयार किया गया है। वहीं तीन बड़े डोम पंडाल दर्शकों के लिए बनाए गए हैं। वहीं विभागीय स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की जानकारी जनता को दी जाएगी। मैदान में जगह-जगह पर बेरिकेटिंग की गई है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। बड़े कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। पार्किंग के लिए 19 पाईंट बनाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेशभर के 1 हजार पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। ये जवान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ ही शांति और कानून व्यवस्था बनाने मुस्तैद रहेंगे। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेंगे।



कार्यक्रम के लिए सजकर तैयार मुख्य मंच।

### पद्मश्री अनुज शर्मा देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा की सभा से पहले कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। पुलिस लाइन खोखरा भांठा जांजगीर में होने वाले कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार एवं पद्मश्री अनुज शर्मा द्वारा प्रातः 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान अनुज शर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़े लोकगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आईजी ने ली हाई लेवल मीटिंग

केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री समेत अन्य व्हीव्हीआईपी के आगमन के मद्देनज़र पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर संजीव शुक्ला ने रविवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय सहित रेंज के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम स्थल, आवागमन मार्ग, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, कानून- व्यवस्था एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहकर अपने -अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी प्रवेश एवं निकास बिंदुओं पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत निगरानी, बम निरोधक दस्ते की तैनाती तथा यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



## खबर संक्षेप

### परिजनों ने किया नेत्रदान संकल्प को पूरा



**कोरबा।** आयुर्वेद चिकित्सक और होटल शालीन के संचालक स्व हेमंत और उमा के पिता डॉ एमएन उपाध्याय का निधन हो गया। डॉ उपाध्याय के संकल्प को पूर्ण करते हुए उनके परिजनों ने उनका नेत्रदान किया। डॉ एमएन उपाध्याय की मृत्यु के पश्चात उनके परिजनों ने भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों को सूचित कर उनके नेत्रदान के संकल्प को पूर्ण करने की मंशा जाहिर की। मेडिकल कॉलेज के नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने कॉर्निया निकाल कर उसे किसी जरूरतमंद को प्रदान करने के लिए सिम्स बिलासपुर भेज दिया है।

### सृष्टि महिला समिति ने विद्यार्थियों को बांटा गर्म कपड़े व पाठ्यसामग्री



**कोरबा।** सृष्टि महिला समिति द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर में सौ विद्यार्थियों को विंटर जैकेट, ड्रॉइंग कॉपी, रंग, पेंसिल, चॉकलेट एवं फ़ूड पैकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल, बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उनके नेतृत्व में समाजसेवा एवं कल्याणकारी कार्य की यह पहल बच्चों को न केवल ठंड से संरक्षण प्रदान करने बल्कि उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं पोषण पर ध्यान केंद्रित करने हेतु महत्वपूर्ण रही। आयोजन में सृष्टि महिला समिति, एसईसीएल की अध्यक्षा श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती जे रूपा एकम्ब्रम, मानिकपुर उप क्षेत्र, एवं श्रीमती अनुपमा सिन्हा, रजगामार उप क्षेत्र, श्रीमती संगीता रॉय, डीएसबी उप क्षेत्र एवं समिति की सभी समर्पित सदस्याओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम उत्साहपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

### ग्राम पंचायत पुटूवा में मनाया गया गुरूघासीदास जयंती



**सुतर्रा।** सत्य अहिंसा और समाजिक समरसता के संदेशवाहक सतनाम धर्म के प्रवर्तक गुरुघासीदास बाबा की जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय गुरुघासीदास लोक कला महोत्सव ग्राम पंचायत पुटूवा में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा, महेश कुर्रे समाज प्रमुख, श्रीमती माधुरी देवी सिंह अध्यक्ष, जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा, प्रताप मरावी सरपंच संघ अध्यक्ष पोड़ी उपरोड़ा, श्रीमती कविता खुरसेंगा जनपद सदस्य, चतुर्भुवन नायक जनपद सदस्य, विलास अलंग सरपंच ग्राम पंचायत पुटूवा, हीरा राम कुर्रे पुजारी बाबा ग्राम कोरबी सिंघिया, जिला प्रशासन से श्रीकांत कासेर सहायक आयुक्त जिला कोरबा, जयप्रकाश डड़सेना सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तर के अधिकारी, कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत तुमान, बरबसपुर,अमलडीहा, पोड़ीगोसाई सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सेमीपाली में मनाया गया गुरुघासीदास की जयंती

हाऊसिंग बोर्ड सेमीपाली की सतनाम महिला समिति के द्वारा बहुत ही धूमधाम से गुरुघासीदास जयंती पर्व मनाया गया।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद श्री मुकुंद सिंह कंवर जी को आमंत्रित किया गया। बाबा गुरुघासीदास की अमृत वाणी मनखे मनखे एक समान की विचारधारा को याद करते हुए उनके संदेश को बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा समस्त ग्रामवासी के द्वारा बाबा की आरती की गई।भजन गाए गए। तथा पंथी नृत्य का आयोजन किया गया।

# कड़ाके की ठंड से बढ़ी ठिठुरन, नगर पालिका ने चौराहों पर जलावाया अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पूर्वोत्तर दिशा से चल रही ठंडी हवाओं का असर अब छत्तीसगढ़ में भी साफ दिखाई देने लगा है। बीते कुछ दिनों से जिले में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार की सुबह पूरा जिला घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया, जिससे सूर्य देव के दर्शन तक लोगों को नहीं हो सके। ठंड और कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।

अलग खबर

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने राहत के इंतजाम शुरू कर दिए हैं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) मुद्रिका प्रसाद तिवारी के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। शहर के मुख्य चौराहों, बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक, तहसील चौक सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव जलवाए गए हैं, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने बताया कि शहर में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से बस स्टैंड और आसपास खुले में रहने वाले लोगों एवं यात्रियों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर नगर पालिका द्वारा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी। वहीं नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि इस समय ठंड और ठिठुरन अपने चरम पर है। आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि लोग ठंड से बच सकें। उन्होंने आगे बताया कि मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है, जिसे देखते हुए नगर पालिका परिषद कटघोरा पूरी तरह से तैयार है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगे। नगर पालिका की इस पहल से राहगीरों, मजदूरों, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

**लगातार तापमान में हो रही गिरावट**

**खास बातें**

- चौक चौराहों पर जलाया जाएगा अलाव
- ठंड से बचने गर्म कपड़े पहनकर निकले घरों से



## सीसीएफ बिलासपुर ने प्रभावी क्षेत्रों का किया दौरा, चार अलग अलग टीम कर रही ट्रैकिंग

# दंतैल हुआ हिंसक, पर्यटकों के लिए कॉफी पाइंट किया गया बंद, सतरेंगा में भी मंडरा रहा खतरा



सड़क में लगाया गया बेरीकेट्स।



ग्रामीणों को समझाइश देते वन विभाग के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन लोगों को मौत के घाट उतारने वाला दंतैल बालको रेंज में ही डेरा डाला हुआ है। खतरे को देखते हुए कॉफी पाइंट को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है, तो वहीं दूसरी ओर सतरेंगा मार्ग पर भी खतरा मंडरा रहा है। यदि ऐसी नौबत आई तो सतरेंगा पर्यटन केन्द्र को आम लोगों के लिए बंद किया जा सकता है। वहीं सीसीएफ बिलासपुर सहित अन्य अधिकारी लगातार दंतैल हाथी की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। सीसीएफ स्वयं बालको रेंज में अपनी टीम के साथ मौजूद हैं और अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं, जिसके आधार पर वन विभाग की टीम लगातार काम कर रही है।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर, कटघोरा व कोरबा वनमंडल में उत्पात मचाने के बाद पिछले तीन दिनों में दंतैल हाथी ने कटघोरा और कोरबा में तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया है और पिछले दो दिनों से दंतैल हाथी बालको रेंज के बेला के आसपास डेरा डाला हुआ है। बताया जाता है कि शनिवार को खतरे के अंदेशे को देखते हुए वन विभाग ने बालको-कॉफी प्वाइंट मार्ग को पूरी तरह पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तक खतरा टल नहीं जाता तब तक इस मार्ग को आम जनता के लिए नहीं खोला जाएगा। वहीं दूसरी ओर हाथी कभी भी पलट कर सतरेंगा, अजगरबहार मार्ग की ओर जा सकता है और यदि इस तरह की नौबत आई तो रविवार को सतरेंगा मार्ग को भी बंद किया जा सकता है। हालांकि हाथी के निगरानी के लिए बालको रेंज में चार अलग अलग टीम गठित की गई है और हाथी के हर गतिविधि पर वन विभाग की पैनी नजर है, तो वहीं दूसरी ओर शनिवार को बिलासपुर सीसीएफ मनोज पाण्डेय भी कोरबा प्रवास पर थे। जहां उन्होंने वनमंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के साथ बालको रेंज का दौर किया और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों का हालचाल जाना और हाथी की किस तरह ट्रेकिंग करनी है और लोगों के जानमाल को कैसे सुरक्षित करना है इसे लेकर वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। वहीं दंतैल हाथी के लगातार विचरण क्षेत्र में लोग भयभीत हैं। वन विभाग की टीम लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मुनादी कर रही है और लोगों को घरों में रहने की अपील कर रही है। कटघोरा वनमंडल के केंदई, रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलसर में अचानक एक हाथी के आ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े चार बजे एक दतैल हाथी ने फुलसर निवासी रविंद्रा सिंह नेटी के कच्चे के दीवार को तोड़ दिया, जिससे घर में सो रही 75 वर्षीय राज कुंवर पिता दादू राम गोंड एवं 21 वर्षीय अमन कुमार पिता दल प्रताप के उपर दिवाल का हिस्सा गिर जाने से वह घायल हो गया, हाथी के आने की आवाज सुनकर मकान मालिक रविन्द्रा सिंह दहशत में आकर आवाज लगाने लगा तब आसपास के लोग जुट गए, तब जाकर हाथी ने जंगल की ओर रुख किया, उसके बाद ही परिवार राहत की सांस ली। रविंद्रा सिंह ने बताया कि उन्हें हाथी के आने की कोई जानकारी नहीं थी और ना ही हाथियों के झुंड द्वारा किसी प्रकार की गांव में मुनादी कराई थी, अचानक हाथी के आक्रमण से रविंद्रा सिंह ने बताया कि उसके रिश्ते में लगने वाले भांजे अमन कुमार के उपर दिवाल के हिस्से गिरने से वह बुरी तरह घायल हो गया, उसे इलाज के लिए कोरबी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बगल में सो रही 75 वर्षीय वृद्ध महिला राज कुंवर इस हादसे में बाल बाल बच गई। घर में रखे कम्प्यूटर सेट, डबल बैड, अन्य किमती सामान टुट कर तहस नहस हो गया। घटना की सूचना स्थानीय वन विभाग को दी गई है।



सड़क पर सुरक्षा के लिए तैनात वन विभाग के कर्मचारी।

### नगर में निकाली गई जागरूकता रैली

**कोरबा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए कमला नेहरू महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा गोदग्राम भादा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा डॉ सीके सिंह व टीकाकरण अधिकारी डॉ पुष्पेश के आव्हान तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन एवं रासेयो जिला संगठक वायके तिवारी के निर्देशन में 0 से 5 आयु वर्ग के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने हेतु जागरूकता रैली का आयोजित कर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए आह्वान किया गया। ग्रामवासियो को 21 दिसंबर राष्ट्रीय प्लस पोलियो दिवस की जानकारी प्रदान कर पोलियो टीकाकरण की आवश्यकता, कुष्ठ व टीबी जैसी विभिन्न बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान कर घर-घर जाकर शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्त कर पोलियो पर जीत को बरकरार रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने ग्राम की मितानिनों श्रीमती निशा यादव, सावित्री यादव, गायत्री यादव के साथ पोस्टर व पम्पलेट बनाकर नारों के वाचन करते हुए ग्राम का भ्रमण किया तथा रैली निकाली।

# ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कुणाल दुदावत को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समिति ने जिले के हजारों भू-विस्थापितों की लंबे समय से लंबित समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

समिति ने अवगत कराया कि एसईसीएल, एनटीपीसी, सीएसईबी, और बालको जैसे औद्योगिक संस्थानों के कारण हजारों स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासियों को अपनी पैतृक भूमि गंवानी पड़ी है वर्तमान में ये परिवार रोजगार सहित पुनर्वास और बसाहट की बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विस्थापन से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा के लिए एक विशेष सेल का गठन किया जाए या एक विशेष जनसुनवाई आयोजित की जाए समिति ने मांग की है कि प्रशासन संबंधित औद्योगिक प्रबंधनों एसईसीएल, विद्युत संयंत्रों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्थापितों को न्याय दिलाए। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कलेक्टर को अवगत कराया कि मूलभूत सुविधाओं और हक के अभाव में जिले के आदिवासियों पिछड़े तबकों और विशेषकर युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है उन्होंने उम्मीद जताई है कि नए जिलाधीश के कुशल नेतृत्व में कोरबा के विकास के साथ-साथ यहाँ के मूल निवासियों को भी उचित न्याय मिलेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति के प्रतिनिधिमंडल विजयपाल सिंह तंवर, रुद्र दास महंत, अनुसुईया राठौर, संतोष कुमार चौहान, श्रीकांत सोनकर, ललित महिलांगे उपस्थित रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के सदस्य।

## उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ विकास कार्यों का भूमिपूजन

# बालको के 8 वार्डों में होंगे 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में सुशासन, सुरक्षा, विकास व अधिकतम जनकल्याण की गारंटी हैं, वे विगत 11 वर्षो से देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं, इस दौरान विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है, देश सशक्त, सुरक्षित व विकसित हुआ है, विकास की रफ्तार बढ़ी है तथा देश के लोगों में प्रधानमंत्री के प्रति विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में राज्य में सुशासन स्थापित हुआ है तथा भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन की हमारी संकल्पना साकार हुई है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम के बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 38, 39, 40, 41, 42, 43, 46 व 47 में 2 करोड़ 61 लाख रूपये के विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो नगर निगम कोरबा क्षेत्र के लिए विगत 2 वर्ष के दौरान लगभग 8 सौ करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति दी जा चुकी है। कोरबा के विकास के लिए धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी तथा क्षेत्र के जनताजनार्दन की मांग व उनकी आवश्यकता के अनुरूप बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य होंगे। वार्ड क्र. 38 चेकपोस्ट लालघाट में 8 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण किया गया। बालको जोन के रिसदा में 30 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण, चेकपोस्ट भदरापारा में 10 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड नाली निर्माण, अमरसिंह होटल के पास 8 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड नाली निर्माण, चेकपोस्ट भदरापारा में 14 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सीसी रोड नाली निर्माण, इसके अलावा विभिन्न स्थानों में 30ो लाख रूपये की लागत से सीसी रोड नाली निर्माण, परसाभांठा बालको नवधा पण्डाल के पास 15 लाख रूपये की लागत से किचन शेड व कक्ष का निर्माण किया जाना हैं।



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., सेमी-प्रीमियम वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**खबर संक्षेप**

### जरूरतमंद, बुजुर्गों और असहाय लोगों को वितरित किया कंबल व स्वेटर



**चांपा।** ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए बीबी फातिमा ह्यूमेनिटी फाउंडेशन द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरगांव, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीडीह तथा शासकीय प्राथमिक शाला कुरदा में अध्ययनरत बच्चों को स्वेटर एवं सैनिटरी पैड का वितरण किया। इस पहल के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मसम्मान का विशेष ध्यान रखा गया। इसके साथ-साथ फाउंडेशन ने दृष्टिहीन विद्यालय शक्ति में भी स्वेटर, कंबल एवं अन्य गर्म कपड़ों का वितरण किया। दृष्टिहीन बच्चों के लिए यह सहयोग केवल ठंड से बचाव का साधन नहीं था, बल्कि उनके जीवन में अपनापन, सुरक्षा और आत्मबल भरने वाला कार्य था। जब किसी दृष्टिहीन बच्चे के कंधों पर गर्म कंबल डाला जाता है, तब वह यह महसूस करता है कि वह अकेला नहीं है, समाज उसके साथ खड़ा है। इसके अतिरिक्त बीबी फातिमा ह्यूमेनिटी फाउंडेशन द्वारा अनेक जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गों और असहाय लोगों को भी स्वेटर, गर्म कपड़े एवं कंबल प्रदान किए गए। ठंड से जूझ रहे लोगों के लिए यह सहायता किसी राहत की सांस जैसी रही। इस सेवा कार्य ने कई चेहरों पर मुस्कान और कई दिलों में आशा की किरण जगाई।

### विवेकानंद बाल शिक्षा समिति की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में विवेकानंद बाल शिक्षा समिति अकलतरा के नवीन कार्यकारिणी गठन के लिए बैठक का आयोजन निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र शराफ जिला प्रतिनिधि जांजगीर जिला,सहायक दीपक सोनी विभाग समन्वयक कोरबा विभाग के उपस्थिति में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिहारी लाल ताम्रकार ने की बैठक की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन पूजन कर किया गया। अध्यक्ष बिहारी ताम्रकार ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए, वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करते हुए चुनाव अधिकारी रविन्द्र शराफ से नवीन कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया प्रारंभ करने का आग्रह किया। चुनाव अधिकारी रविन्द्र शराफ ने विद्यालय विधान के प्रावधान अनुसार सभी श्रेणियों के सदस्यों से कार्यकारिणी हेतु नाम आमंत्रित किए। बैठक के दौरान सर्वसहमति से बिहारीलाल ताम्रकार को पुनः विवेकानंद बाल शिक्षा समिति अकलतरा का अध्यक्ष चुना गया इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष लव कुमार सिंह चंदेल ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश केडिया ,कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ,सचिव गोपेश तुलस्यान ,सह सचिव अयन जैन सदस्य मोतीलाल कुर्रे,प्रकाश वाधवा , दीनदयाल अग्रवाल संस्थान प्रतिनिधि श्रीमती रजनी साहू को चुना गया। बैठक में नरेश केडिया , ओम प्रकाश साहू, लव कुमार सिंह चंदेल , गोपेश तुलस्यान , प्रकाश वाधवा, मोतीलाल कुर्रे ,डॉ रामायण सिंह, नरेश अग्रवाल, सौजन्य दुबे , दीनदयाल अग्रवाल , रोहित सारथी, अयन जैन, दशरथ नामदेव , गेंदराम राजपूत, केशव कुमार कौशिक उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ



**तनौद।** ग्राम में राधेय मित्र मंडल तनौद के तत्वावधान आयोजित भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा रामनगर हाईस्कूल परिसर से मुख्य सड़क मार्ग से ग्राम के हृदय स्थल हटवारा पारा तुलसी चौक महामाया चौक गुड़ी पारा चंडी दाईं तालाब पहुंची। इसमें महिलाओं युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा हाई स्कूल कथा स्थल से निकलकर मां महामाया का दर्शन करते हुए आगे चंडी दाईं तालाब तक पहुची वहां सभी कलशों में जल भर गया। कलश यात्रा के दौरान आगे आगे नृत्य करते हुए कीर्तन पार्टी भजन करते हुए चल रही थी। जगह जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कथा के मुख्य यजमान नंदनी चावला साहू ,अनुसुइया जितेन्द्र श्रीवास दंपति होंगे। कथा वाचिका पूजा शुक्ला जर्वे सक्ती वाले हैं।

**निधन**

### श्रीमती सुचिता शर्मा

**शिवरीनारायण।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक संजय शर्मा की धर्मपत्नी सुचिता शर्मा का 48 वर्ष की उम्र में शनिवार 20 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। अंतिम संस्कार नगर के महानदी तट के किनारे स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु सहित नागरिक शामिल हुए।



## साइबर सेल एवं चांपा पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

# 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चांपा




पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त पासबुक।

पोस्ट ऑफिस खातों में जमा राशि की हेराफेरी के एक बड़े मामले में चांपा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। साइबर सेल एवं थाना चांपा की संयुक्त कार्रवाई में पोस्ट ऑफिस के एजेंट को गिरफ्तार किया गया है, जिसने लगभग 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी एजेंट दीपक कुमार देवांगन पिता फिरत राम देवांगन, उम्र 35 वर्ष, निवासी अमरैयापारा भोजपुर, चांपा, पोस्ट ऑफिस के खाताधारकों से मासिक किस्त की रकम वसूल कर उसे खातों में जमा नहीं करता था। इसके बजाय वह खातों में फर्जी एंट्री, नकली हस्ताक्षर एवं पोस्ट ऑफिस की फर्जी सील लगाकर धोखाधड़ी करता रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रार्थी राजकुमार देवांगन, निवासी चरण नगर चांपा ने 16 दिसंबर 2025 को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि उसने वर्ष 2018 से पोस्ट ऑफिस चांपा में दो खाते खुलवाए थे, जिनमें एजेंट के माध्यम से मासिक 1500 की किस्त जमा करता था। कुल 66 हजार जमा करने के बावजूद केवल 6 हजार 900 ही खाते में जमा पाए गए, शेष राशि की फर्जी एंट्री की गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने लगभग 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की है तथा ठगी की राशि को ऑनलाइन बेटिंग एप के माध्यम से गंवाना बताया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, दो फर्जी सिम, चार बैंक खाते, लगभग 150 पोस्ट ऑफिस पासबुक, एजेंट लाइसेंस, नकली सील सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच जारी है तथा साइबर सेल द्वारा तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चापा, निरीक्षक सागर पाठक प्रभारी साइबर सेल, उप निरीक्षक बेल सज्जर लकड़ा , सहायक उप निरीक्षक विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक विवेक, आरक्षक प्रदीप,माखन श्रीकांत, रोहित, शंकर राजपूत, वीरेश सिंह, संजय केवट, सचिन एक्का, कैलाश यादव, जय उरांव, भूपेंद्र गोस्वामी, रूप नारायण का विशेष योगदान रहा।

# गंगा महाआरती के माध्यम से लोगों को भक्ति और आस्था से जोड़ने का प्रयास : कौशल्या

## चित्रोत्पला गंगा की हुई महाआरती, बड़ी संख्या में भक्त हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवरीनारायण



चित्रोत्पला गंगा की महाआरती करती मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी, राजेश्री एवं अन्य श्रद्धालु।

शिवरीनारायण में संध्याकालीन चित्रोत्पला मां गंगा की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा महाआरती में शामिल होने के लिए दूर दूर से भक्त नगर पहुंचे थे। गंगा महाआरती के पूर्व चित्रोत्पला गंगा की विधिवत पूजा अर्चना की गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से कौशल्या विष्णु देव साय,सांसद कमलेश जांगड़े,राजेश्री महंत रामसुंदर दास, भाजपा जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र वैष्णव, सत्यलता मिरी अध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा, रंजना मानेश जांगड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़, प्रकाश बंसल समाजसेवी शिवरीनारायण, राहुल थवाईत अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण, गोविंद यादव अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद एवं प्रतिभा कश्यप अध्यक्ष नगर पंचायत राहौद उपस्थित रही। गंगा महाआरती के पूर्व मंच को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या विष्णु देव साय ने कहा कि गंगा महाआरती के माध्यम से लोगो को भक्ति और आस्था से जोड़ने का प्रयास है। बड़ी संख्या में लोग गंगा महाआरती में शामिल हुए। इसके पूर्व भी प्रदेश के त्रिवेणी संगम में गंगा महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। मां प्रज्ञा भारती द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। लोगों में भक्ति जगाने वाला पुनीत कार्य है। भगवान की कृपा से ही प्रदेश तरक्की की ओर बढ़ रहा है। मंच को राजेश्री महंत रामसुंदर दास, सांसद कमलेश जांगड़े सहित नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने भी संबोधित किया। गंगा महाआरती का शुभारंभ रात्रि 8 बजे हुआ। इसके पूर्व शाम 5 बजे गंगा आरती में शामिल होने नगर पहुंचे सभी अतिथियों को महानदी में नौका विहार कराकर अमेजन जंगल और आइलैंड का भ्रमण कराया जाएगा। नौका विहार के बाद मुख्यमंत्री की पत्नी सहित सभी अतिथियों ने भगवान शिवरीनारायण एवं भगवान लक्ष्मणेश्वर का दर्शन लाभ प्राप्त किया। भव्य गंगा महाआरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त मेला ग्राउंड चौपाटी पहुंचे थे। महानदी के घाट में भक्तों की भीड़ चारों ओर दिखाई पड़ रही थी। महाआरती के बाद भक्तों के लिए महा भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भव्य महाआरती का आयोजन दीदी मां प्रज्ञा भारती एवं आचार्यों के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त सहित पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद थे।

# विद्यार्थियों को किया गया स्वेटर वितरण



**अकलतरा।** नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को पूर्व कांग्रेस नेता स्वर्गीय नंदकिशोर मनक्सिया के स्मृति में उनके पुत्र नीरज कुमार मनक्सिया के द्वारा एवं कपड़ा व्यवसाई स्वर्गीय भागचंद जैन की स्मृति में उनके पुत्र राकेश जैन के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक रवींद्र सिंह बैस ने बताया कि नगर के दोनों ही व्यवसाईयों के द्वारा अपने-अपने पिता की स्मृति में छात्राओं को स्वेटर वितरण किया जा रहा है जो अपने स्वजनों को श्रद्धांजलि देने का बेहतर माध्यम होने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी है। शाला परिवार व्यवसायियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नगर एवं क्षेत्र के लोगों से आग्रह करता है कि ऐसे सामाजिक कार्यों में अधिक से अधिक सहभागिता लेकर विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से विद्या अध्ययन करने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर रविंद्र सिंह बैस, अंबिका कंवर, प्रेमलता कुर्रे, प्रियंका सिंह चौहान पुष्पा जयसवाल अर्चना शर्मा, नीलम धीरही, गीता सावलानी, स्नेहा खरवार, कांति कंवर एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कलम बंद हड़ताल को लेकर विभिन्न कार्यालयों का दौरा कर रहे पदाधिकारी

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक घोषित कलम बंद हड़ताल में शामिल होने हेतु तहसील शाखा अकलतरा के पदाधिकारी विभिन्न कार्यालयों का दौरा कर रहे है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा जांजगीर चांपा के पर्यवेक्षकगण जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार, तहसील शाखा अकलतरा संयोजक पुष्पराज सिंह चंदेल,जयंत सिंह क्षत्रिय प्रांताध्यक्ष छ ग प्रधान पाठक कल्याण संघ , प्रवीण दुबे लिपिक संघ ,यू एस राठिया प्राचार्य मंच ,ओमप्रकाश राठौर,रामशरण सिंग सर्वा अनुभव तिवारी ,श्रीमती राजेश्वरी पाटले ,अविनाश खांडेल ,ईश्वरी कश्यप , नरेंद्र सिंह चंदेल ,कृष्णकुमार यादव , डी पी यादव, हितेश तिवारी, ओम प्रकाश चंद्राकर, अर्जुन झाड़े ,प्रीतेश चंदेल, डी आर भारते सहित समस्त कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील शाखा अकलतरा आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे है।

# पोलियों से बचाव के लिए बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सक्ती



पल्पस पोलियो कार्यक्रम में शामिल अधिकारी।

जिले में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम (फर्सट राउंड) का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत

- **सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण कर पोलियो बूथों का किया निरीक्षण**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 87 हजार 504 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस अभियान के प्रथम दिवस में रविवार को जिले के समस्त पोलियो बूथों पर बूथ स्तरीय कवरेज के माध्यम से बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इसके पश्चात छूटे हुए बच्चों को कवर करने हेतु 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को घर-घर भ्रमण कर दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिले के गांव एवं शहरी क्षेत्रों के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं, ताकि जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य सुदृढ़ हो सके। कलेक्टर द्वारा समस्त जिलेवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने और पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सजगतापूर्वक सुनिश्चित करने की अपील की है। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा पल्स पोलियो अभियान की गंभीरता को देखते हुवे स्वास्थ्य विभाग को इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिले में जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माइकिंग, पोस्टर बैनर, दीवार लेखन एवं क्रॉस मार्किंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा 19 दिसंबर को इस अभियान के गांव गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे बाजार हाट एवं ग्रामीण अंचलों में जनजागरूकता का प्रभावी संदेश पहुँच सके। इस अभियान के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के. राज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री कीर्ति बड़ा एवं यूएनडीपी के सलाहकार डॉ. मोहम्मद अजीम द्वारा बाराद्वार, सक्ती एवं अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण कर पोलियो बूथों का निरीक्षण किया गया तथा टीकाकरण कार्य की सतत निगरानी की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा टीकाकरण की गुणवत्ता, रिपोर्टिंग, दवा की उपलब्धता एवं टीमों की सक्रियता की समीक्षा की गई। साथ ही अभिभावकों को जानकारी दी गई कि पोलियो की दवा की प्रत्येक खुराक अत्यंत आवश्यक है, चाहे बच्चा पूर्व में कई बार दवा ले चुका हो। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे।

# साहू संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने बालेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर-चांपा



निर्वाचित जिलाध्यक्ष का स्वागत करते समाज के लोग।

जिला साहू संघ के चुनाव में बालेश्वर साहू को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि बालेश्वर साहू लगातार दूसरी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं, जिससे समाज में उनके नेतृत्व और कार्यों पर विश्वास स्पष्ट दिखाई देता है। चुनाव के दौरान अन्य पदाधिकारियों का चयन भी निर्विरोध संपन्न हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर प्रेमशंकर साहू एवं सुभद्रा साहू को चुना गया, वहीं संगठन सचिव की जिम्मेदारी फिरतू साहू, रत्ना साहू को सौंपी गई।

निर्वाचन प्रक्रिया में पर्यवेक्षक शांतनु साहू, सहायक पर्यवेक्षक कामता साहू एवं चुनेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही. वहीं निर्वाचन अधिकारी केशव साहू तथा सह निर्वाचन अधिकारी रामचरण साहू और सुशील साहू ने चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष बालेश्वर साहू ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर साहू समाज के हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। निर्वाचन के बाद समाज के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने की उम्मीद जताई गई।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 को

**सक्ती।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसलों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित किया गया है। सक्ती जिले में रबी मौसम में गेहूं सिंचित और सरसों फसल को अधिसूचित किया गया है। गेहूं फसल के लिये ग्राम एवं सरसों फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मण्डल को इकाई क्षेत्र लिया गया है। इन ग्रामों के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा करा कर फसल क्षति की स्थिति में लाभ प्राप्त कर सकते है। जिला सक्ती में फसल बीमा के लिए बीमा कम्पनी बजाज जनरल इन्शोरेंस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया गया है। गेहूं सिंचित के लिये बीमांकित राशि 12000 रूपये प्रति एकड़ निर्धारित है ।

# सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया का मनाया गया 115 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अकलतरा



कार्यक्रम में शामिल शाखा प्रबंधक एवं स्टाफ के लोग।

सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया का 115 वां स्थापना दिवस जनपद पंचायत कार्यालय के पास स्थित नए भवन में केक काटकर मनाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक मनोज भारती ने कहा कि विगत 115 वर्षों से सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया देश एवं देशवासियों के लिए प्रतिबद्ध होकर सेवा प्रदान कर रही है। हमारा प्रयास होता है कि हम ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को शासन एवं बैंक की योजनाओं का लाभ प्रदान कर सकें। हमारे सम्माननीय ग्राहकों का भरोसा ही हमारी साख एवं पूंजी है। इस अवसर परमनोज भारती शाखा प्रबंधक ,सुबोध पाठक सहायक प्रबंधक, राहुल खैरवार, सिद्धेश्वर पांगी, अभिषेक पटेल, सत्या खुटे, मुकेश यादव, महेश्वर टंडन, मनोज अग्रवाल, मो.मुनाफ, मनोज सिंह,उमाशंकर कुमार, विकास कौशिक, शिवानी अग्रवाल एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## अनुशासन व छात्रों के सर्वांगीण विकास पर डाला प्रकाश

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चांपा



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

चंद्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा में 20 दिसंबर को मीमांसा थीम पर वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम और सांस्कृतिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

सर्वांगीण विकास शिक्षा समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यगणों एवं प्राचार्य, उपप्राचार्या का अक्षत तिलक लगा कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, अनुशासन और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डालते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विद्यालय की प्रगति पर हर्ष व्यक्त किया और भविष्य में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वागत गीत व नृत्य, ग्रुप डांस, सोलो डांस, समूह गान, टिंवकलिंग स्टार, द गार्डन ऑफ़ राइजिंग टैलेंटस, मोबाइल थीम डांस, हसदेव तरंग, एक्सप्रेशन डांस, रेटरो डांस, पोट डांस, वुमन एंपावरमेंट बैक टू स्कूल, पंचतत्व डांस, साउथ इंडियन डांस, योग थीम, संस्कृति संगम, हॉरर थीम, छत्तीसगढ़ी डांस, हिंदी नाटक, आतंकवाद और मानव जीवन, अनबोंड माइंड, रोबोटिक्स डांस, हीरोस आफ टुमारो, छावा, फ्यूजन, फनी, सूफी एस्कूल जर्नी थीम, फिनाले, फिलर आदि अनेक प्रकार के एक से बढ़कर एक सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई। विद्यालय के उप प्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी ने आभार प्रदर्शन किया। अंत में सभी के द्वारा राष्ट्रगान जन. गण. मन गाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी, सचिव अरुण कुमार झाझड़िया, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, कमल मोदी, मनोज मित्तल, मुरलीधर जयपुरिया, डॉ. पुष्पराज देवांगन, डॉ. शुभम गुप्ता, प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, उप प्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी, मैनेजर जवाहरलाल यादव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कार्यालयीन कर्मचारीग, अभिभावकगण व वरिष्ठ नागरिक एवं बच्चे उपस्थित थे।

# स्वच्छता के नाम पर निभा रहे औपचारिकता धरातल पर नजर नहीं आ रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बम्हनीडीह

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत कपिस्दा में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नाम पर स्वीकृत प्लास्टिक वेस्ट स्टोरेज यूनिट का निर्माण कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। सरकारी रिकॉर्ड में इस कार्य को पूर्ण दर्शा दिया गया है, लेकिन गांव में जाकर देखने पर इस यूनिट का कोई अस्तित्व दिखाई नहीं देता।

जानकारी के अनुसार वित्त आयोग की अनटाइड राशि से लगभग तीस हजार रुपये की लागत से प्लास्टिक कचरा संग्रहण एवं भंडारण हेतु स्टोरेज यूनिट बनाए जाने की स्वीकृति दी गई थी। विवरण में यह दर्शाया गया है कि कार्य जून से सितंबर 2025 के बीच कराया गया और दिसंबर 2025 में इसे पूर्ण घोषित कर दिया गया। इतना ही नहीं, कार्य पर लगभग पूरी राशि खर्च दिखाकर भुगतान भी कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में न तो कोई कचरा संग्रहण शेड बना है और न ही प्लास्टिक वेस्ट स्टोरेज की कोई व्यवस्था मौजूद है। इससे यह आशंका गहराती जा रही है कि बिना कार्य कराए ही काग़ज़ों में निर्माण पूरा दिखाकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कार्य वास्तव में हुआ होता तो गांव में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की स्थिति आज बेहतर दिखाई देती, जबकि हालात जस के तस बने हुए हैं। इस संबंध में सरपंच विष्णो बालेश्वर चंद्रा का कहना है कि साफ सफाई के लिए राशि निकाला गया है। वेस्ट स्टोरेज यूनिट का निर्माण लाखों रुपए में होती है।


कोसा, कांसा, कंचन की
प्रसिद्ध नगरी जाज्वल्य देव की पावन धरा
जांजगीर में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री
श्री जेपी नड्डा जी
का हार्दिक स्वागत एवं
अभिनंदन
दिनांक - 22 दिसम्बर 2025, समय - सुबह 11 बजे
स्थान - पुलिस लाइन, खोखरा भाठा, जांजगीर
विनीत : भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़